**भारत सरकार**

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1260**

दिनांक 09 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

**आईसीडीएस का कार्यान्वयन**

**1260. श्री अजय कुमार मंडल:**
**श्रीमती रमा देवी:**
**श्रीमती नवनित रवि राणा:**
**श्री रमेश चन्द्र कौशिक:**
**श्रीमती गीता कोडा:**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा बच्चों के समग्र विकास के लिए चलाई जा रही समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) योजना से हरियाणा के सोनीपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित राज्य-वार और जिला-वार बच्चे किस हद तक लाभान्वित हुए हैं;

(ख) उक्त कार्यक्रम के कार्यान्वयन में शामिल गैर-सरकारी संगठनों की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(ग) विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान महाराष्ट्र विशेषकर अमरावती जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण और बच्चों के विकास के लिए कार्यान्वित की जा रही केन्द्र प्रायोजित योजनाओं का योजना-वार ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

**महिला एवं बाल विकास मंत्री**

**(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)**

(क) : 15वें वित्त आयोग के कार्यकाल में, 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों (14-18 वर्ष) के लिए पोषण संबंधी सहायता के घटक; प्रारंभिक बाल्यवस्था देखरेख और शिक्षा [3-6 वर्ष]; आधुनिक, उन्नत सक्षम आंगनवाड़ी, पोषण अभियान और किशोरियों की स्कीम सहित आंगनवाड़ी बुनियादी ढांचे को मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 (मिशन पोषण 2.0) के तहत पुनर्गठित किया गया है। मिशन पोषण 2.0 में ठिगनापन और रक्ताल्पता के अलावा दुबलेपन और कम वजन के प्रसार को कम करने के उद्देश्य से मातृ पोषण, शिशु और छोटे बच्चे के आहार मानदंड, एमएएम/एसएएम के उपचार और आयुष प्रथाओं के माध्यम से कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 एक केंद्र प्रायोजित योजना है और देश के सभी जिलों को शामिल करते हुए सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यान्वित की जा रही है।

मिशन पोषण 2.0 के राज्य-वार लाभार्थियों की सूची **अनुलग्नक I** में दी गई है।

सोनीपत जिले सहित हरियाणा राज्य में मिशन पोषण 2.0 के जिलेवार लाभार्थियों की सूची **अनुलग्नक II** में दी गई है।

(ख) मिशन पोषण 2.0 के कार्यान्वयन में कोई भी गैर-सरकारी संगठन शामिल नहीं है।

(ग) 15वें वित्त आयोग में बेहतर कार्यान्वयन और कुशल निगरानी के लिए महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए महाराष्ट्र सहित सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यान्वित की जा रही मंत्रालय की सभी केन्द्र प्रायोजित योजनाओं को तीन कार्यक्षेत्रों में मिला दिया गया है। (1) देश में पोषण संकेतकों में सुधार के लिए सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 (2) मिशन शक्ति, महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए; और (3) मिशन वात्सल्य, बच्चों की सुरक्षा और कल्याण के लिए। योजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है

**(i) सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 (मिशन पोषण 2.0):** 15वें वित्त आयोग के कार्यकाल में, 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों (14-18 वर्ष) के लिए पोषण संबंधी सहायता के घटक; प्रारंभिक बाल्यवस्था देखरेख और शिक्षा [3-6 वर्ष]; आधुनिक, उन्नत सक्षम आंगनवाड़ी, पोषण अभियान और किशोरियों की स्कीम सहित आंगनवाड़ी बुनियादी ढांचे को मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 (मिशन पोषण 2.0) के तहत पुनर्गठित किया गया है। मिशन पोषण 2.0 में ठिगनापन और रक्ताल्पता के अलावा दुबलेपन और कम वजन के प्रसार को कम करने के उद्देश्य से मातृ पोषण, शिशु और छोटे बच्चे के आहार मानदंड, एमएएम/एसएएम के उपचार और आयुष प्रथाओं के माध्यम से कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

**(ii) मिशन शक्ति:** मिशन शक्ति में महिलाओं की सुरक्षा और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए क्रमशः दो उप-योजनाएं 'संबल' और 'सामर्थ्य' शामिल हैं। वन स्टॉप सेंटर (ओएससी), महिला हेल्पलाइन (181-डब्ल्यूएचएल) और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) की मौजूदा योजनाओं को संबल उप-योजना का हिस्सा बनाया गया है; जबकि मौजूदा योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई), उज्ज्वला, स्वधार गृह (जिसका नाम बदलकर शक्ति सदन रखा गया है) और कामकाजी महिला छात्रावास (सखी निवास का नाम दिया गया है), राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण केंद्र (एनएचईडब्ल्यू) और राष्ट्रीय शिशु गृह योजना (जिसका नाम बदलकर पालना किया गया है) को 'सामर्थ्य' में मिला दिया गया है।

**(iii) मिशन वात्सल्य:** मिशन वात्सल्य ने जरूरतमंद बच्चों और देखभाल के लिए मिशन मोड में बेहतर पहुंच और संरक्षण के लिए एकीकृत बाल संरक्षण स्कीम (आईसीपीएस) को इस उद्देश्य से मिला दिया है कि: (i) विषम परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को सहायता और पोषण। (ii) विभिन्न पृष्ठभूमि के बच्चों के समग्र विकास के लिए संदर्भ आधारित समाधान विकसित करना। (iii) नवाचारी समाधानों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रीन फील्ड परियोजनाओं के लिए स्कोप प्रदान करना। (iv) गैप फंडिंग द्वारा सीमेंट कन्वर्जेंट कार्रवाई, यदि अपेक्षित हो।

**अनुलग्नक- I**

"आईसीडीएस के कार्यान्वयन" के संबंध में दिनांक 09.02.2024 को लोकसभा में श्री अजय कुमार मंडल, श्रीमती रामा देवी, श्रीमती नवनित रवि राणा, श्री रमेश चंदर कौशिक और श्रीमती गीता कोरा द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 1260 के भाग (क) में संदर्भित अनुलग्नक।

मिशन पोषण 2.0 के राज्यवार लाभार्थी इस प्रकार हैं*

| राज्य | बच्चे 0-6माह | बच्चे 6माह-3वर्ष | बच्चे 3-6वर्ष |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 61801 | 993688 | 1156343 |
| अरुणाचल प्रदेश | 3050 | 32891 | 43063 |
| असम | 130303 | 1205776 | 1623293 |
| बिहार | 225714 | 3544645 | 5480185 |
| छत्तीसगढ | 126689 | 1045951 | 1174095 |
| गोवा | 4345 | 34705 | 18835 |
| गुजरात | 215293 | 1489211 | 1606864 |
| हरियाणा | 71145 | 706638 | 961162 |
| हिमाचल प्रदेश | 35190 | 220825 | 236365 |
| झारखंड | 120444 | 1375427 | 1482868 |
| कर्नाटक | 145072 | 1699147 | 1695944 |
| केरल | 96756 | 810933 | 1109646 |
| मध्य प्रदेश | 352280 | 2820012 | 3592016 |
| महाराष्ट्र | 250867 | 2709924 | 3344217 |
| मणिपुर | 9206 | 96323 | 160546 |
| मेघालय | 9568 | 156383 | 230501 |
| मिजोरम | 3813 | 45100 | 60896 |
| नगालैंड | 2847 | 39934 | 66501 |
| ओडिशा | 208827 | 1518633 | 1860166 |
| पंजाब | 95778 | 632294 | 596177 |
| राजस्थान | 162136 | 1970484 | 1800517 |
| सिक्किम | 1690 | 12440 | 17038 |
| तमिलनाडु | 238351 | 1732152 | 1561148 |
| तेलंगाना | 105422 | 980242 | 836558 |
| त्रिपुरा | 12810 | 127751 | 169067 |
| उत्तर प्रदेश | 1059961 | 9553162 | 8769806 |
| उत्तराखंड | 40832 | 387088 | 238785 |
| पश्चिम बंगाल | 450611 | 3246215 | 4037353 |
| अंडमान व निकोबार | 544 | 6739 | 3903 |
| दादरा व नगर हवेली - दमन और दीव | 3221 | 14314 | 9427 |
| दिल्ली | 66673 | 343642 | 178532 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 27581 | 323508 | 375467 |
| लद्दाख | 650 | 7346 | 8877 |
| लक्षद्वीप | 379 | 2873 | 977 |
| पुदुचेरी | 3138 | 23741 | 3360 |
| संघ राज्य क्षेत्र-चंडीगढ़ | 3403 | 16382 | 20786 |
| कुल | 4346390 | 39926519 | 44531284 |

* पोषण ट्रैकर से आकड़ा लिया गया है (06 फरवरी 2024)

**अनुलग्नक - II**

**"आईसीडीएस के कार्यान्वयन" के संबंध में दिनांक 09.02.2024 को लोकसभा में श्री अजय कुमार मंडल, श्रीमती रामा देवी, श्रीमती नवनित रवि राणा, श्री रमेश चंदर कौशिक और श्रीमती गीता कोरा द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 1260 के भाग (क) में संदर्भित अनुलग्नक।**

मिशन पोषण 2.0 के तहत पूरक पोषण का लाभ प्राप्त करने वाले बच्चों का जिलावार विवरण इस प्रकार है:

| राज्य | जिला | कम से कम 21 दिनों के लिए टीएचआर प्राप्त करने वाले बच्चे(6माह-3वर्ष) | कम से कम 21 दिनों के लिए एचसीएम प्राप्त करने वाले बच्चे(6माह-3वर्ष) | कम से कम 21 दिनों के लिए टीएचआर प्राप्त करने वाले बच्चे(3-6वर्ष) | कम से कम 21 दिनों के लिए एचसीएम प्राप्त करने वाले बच्चे(3-6वर्ष) |
|---|---|---|---|---|---|
| हरियाणा | अंबाला | 4321 | 431 | 2095 | 111 |
| हरियाणा | भिवानी | 15016 | 512 | 7517 | 283 |
| हरियाणा | चरखी दादरी | 8499 | 52 | 4105 | 26 |
| हरियाणा | फरीदाबाद | 19215 | 2046 | 8607 | 4557 |
| हरियाणा | फ़तेहाबाद | 13669 | 153 | 7301 | 41 |
| हरियाणा | गुरुग्राम | 11415 | 165 | 7029 | 122 |
| हरियाणा | हिसार | 7044 | 5996 | 2782 | 2964 |
| हरियाणा | जींद | 13018 | 260 | 6753 | 119 |
| हरियाणा | झज्जर | 13119 | 298 | 7626 | 152 |
| हरियाणा | कुरूक्षेत्र | 6564 | 0 | 2912 | 0 |
| हरियाणा | कैथल | 3023 | 593 | 1565 | 281 |
| हरियाणा | करनाल | 7198 | 441 | 2573 | 226 |
| हरियाणा | महेंद्रगढ़ | 2455 | 3390 | 802 | 1447 |
| हरियाणा | नूह | 1283 | 0 | 1874 | 0 |
| हरियाणा | पलवल | 12734 | 349 | 12119 | 349 |
| हरियाणा | पंचकुला | 6335 | 6 | 3610 | 11 |
| हरियाणा | पानीपत | 5512 | 459 | 3792 | 188 |
| हरियाणा | रेवाड़ी | 2998 | 1164 | 694 | 546 |
| हरियाणा | रोहतक | 7003 | 418 | 2812 | 132 |
| हरियाणा | सिरसा | 9146 | 259 | 4689 | 465 |
| हरियाणा | सोनीपत | 1929 | 1346 | 1300 | 620 |
| हरियाणा | यमुनानगर | 17403 | 308 | 7441 | 201 |

* पोषण ट्रैकर से आकड़ा लिया गया है (06 फरवरी 2024)